आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.06.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

किसान सम्माननिधि योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त जारी की। उन्होंने डीबीटी के तहत 9 करोड़ 44 लाख से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 8 सौ 80 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब सरकारी योनजाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों से कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर योग के वैश्विक उत्सव में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम देश के सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विविधता में एकरूपता के दर्शन करवाता है। शिमला स्थित लोकभवन में पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष मिलन कार्यक्रम में उन्होंने ये बात कही। राज्यपाल ने कहा कि विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति है और विभिन्न राज्यों की विशिष्ट संस्कृतियों, भाषाओं और परम्पराओं का संरक्षण व संवर्धन भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर, मूल्यों और परम्पराओं से युवाओं को जोड़कर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार भविष्य में लोक निर्माण विभाग के कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने पर विचार कर रही है ताकि भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सके। आज शिमला में लोक निर्माण विभाग में गुणवत्ता आश्वासन विषय पर आयोजित उत्तर क्षेत्रीय अंतर्राज्यीय संवाद सत्र की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में हिमाचल ने कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है और इस दौरान लोक निर्माण विभाग की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने लोक निर्माण विभाग को सशक्त और तकनीक आधारित कार्यप्रणाली अपनाने पर बल दिया।

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने क्षमता निर्माण और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की ज़रूरत बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सतत विकास की दृष्टि से कार्य करना अनिवार्य है। संवाद सत्र में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित हिमाचल, जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों व अभियंताओं ने हिस्सा लिया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पारदर्शिता और सुशासन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पहचान है। आज नाहन में विकसित भारत सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जहां एक ओर यूपीए सरकार घोटालों के लिए जानी जाती थी, वहीं वर्तमान सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाएओं से विभिन्न वर्गों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। ....बाईट.....बिंदल........

बिंदल ने कहा कि चुनाव के समय तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने सहित किए गए अन्य वायदों को राज्य सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया है।

एनटीए परीक्षा तैयारी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए की कल होने वाली नीट यूजी पुनः परीक्षा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। एनटीए ने एक वक्तव्य में कहा कि पुनः परीक्षा देश के पांच सौ 51 शहरों और विदेश के 14 शहरों में संचालित की जायेगी। 22 लाख 79 हजार से अधिक विद्यार्थी इसमें भाग लेंगे।

इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर नीट परीक्षा के आयोजन को लेकर परीक्षा केंद्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कांगड़ा ज़िला में 12 परीक्षा केन्द्रों में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सिरमौर जिला में 3 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए है जहां 6 सौ 38 परीक्षार्थी नीट परीक्षा देंगे। नाहन में नियुक्त परीक्षा पर्यवेक्षक मोहम्मद रिजवान ने ये जानकारी दी।

हमीरपुर शहर और इसके आस–पास के शिक्षण संस्थानों में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने एचआरटीसी के सभी रूटों पर बस सेवाएं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

———————————————————————————————————